सेवा में

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहबाद,

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश
बलिया।

विषय– पूर्व सेवा को वर्तमान सेवा के साथ जोड़ने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में मैंने ई–सर्विसेज के माध्यम से आनलाइन आवेदन दिनांक 29.03.2022 को किया था। जिस पर दिनांक 31.03.2022 को एडमिन–1 द्वारा आपत्ति करते हुए पूर्व सेवा एवं वर्तमान सेवा के दस्तावेज/सूचनाओं सहित प्रार्थना पत्र के माध्यम से निवेदन करते हेतु सूचित किया गया।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि–

1– मैंने माननीय उच्च न्यायालय की विज्ञप्ति सं0 2971/Admin.(Services)2019 Dated 20.08.2019 के अनुक्रम में दिनांक 31.08.2019 को जिला एवं सत्र न्यायालय, बलिया में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ0टी0सी0 तृतीय के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

2– इस सेवा से पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में गृह विभाग के नियंत्रणाधीन अभियोजन विभाग मे राजपत्रित अधिकारी के रुप मे डाक्टर भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद मे दिनांक 23.11.2009 को सहायक अभियोजन अधिकारी पद पर प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण किया था। प्रशिक्षण उपरान्त मेरी नियुक्ति दिनांक 28.05.2010 को जनपद हरदोई में हुई। जनपद जौनपुर में कार्यरत रहने के दौरान दिनांक 27.06.2015 को अभियोजन अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। जनपद फौजाबाद में तैनाती के दौरान उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा परीक्षा 2018 भाग–02 में चयन होने के पश्चात् दिनांक 30.08.2019 को संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय अयोध्या/ फैजाबाद से कार्यमुक्त होने के पश्चात् दिनांक 31.08.2019 को उच्चतर न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण किया।

3– मेरे वेतन से एन0पी0एस0 के तहत अंशदान पेंशन इन्डेक्स नम्बर 110062106130 मे कटौती दिनांक 23.11.2009 से 30.08.2019 तक अभियोजन विभाग से हुई है। दिनांक 31.08.2019 से अब तक न्यायिक सेवा के वेतन से अंशदान जारी है।

4– पूर्व सेवा पुस्तिका की प्रारम्भ व अन्तिम पृष्ठ की छायाप्रति एवं अंशदान पेंशन पासबुक व कार्ड की सुसंगत विवरणों की छायाप्रति सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न की जा रही है।

5– उच्चतर न्यायिक सेवा से सम्बंधित सेवा पुस्तिका शिविर कार्यालय, कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश नवीन कोषागार भवन (प्रथम तल) कचेहरी रोड, इलाहाबाद में उपलब्ध है। जिसका कोई भी अभिलेख मेरे पास उपलब्ध नहीं है।

अतः सादर अनुरोध है कि पूर्व सेवा को वर्तमान सेवा मे समेकित करने की कृपा करें।

सादर।

<u>दिनांक– 07.04.2022</u>

भवदीय,

Vinod Kumar
07/04/2022
विनोद कुमार,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ0टी0सी0–तृतीय, बलिया
जे0ओ0 कोड (यू0पी02666)

<u>संलग्नक–</u>

1. पूर्व सेवा पुस्तिका के विवरण की छायाप्रति,
2. अंशदान पेंशन पासबुक एवं कार्ड के विवरण की छायाप्रति,
3. उच्चतर न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण प्रमाण पत्र की छायाप्रति,
4. वेतन पर्ची का विवरण की छायाप्रति।